3.37 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं निविदाकर्ता फर्म को स्वीकार योग्य होगा।

3.38 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

**<u>वित्तीय निविदा</u> :-**

3.39 वित्तीय निविदा में निविदाकर्ता फर्म को दुकान के प्रतिमाह किराये की दर रूपये में अंकित की जाना है। जी.एस.टी. की दर पृथक से अंकित करें। बिजली एवं पानी की दर विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जावेगी।

3.40 दुकान की किराये की दर बाजार दर से कम दर प्रस्तुत करने पर निविदाएं मान्य नहीं होगी।

3.41 प्रत्येक 11 माह पश्चात केन्टीन/दुकान के किराये पर 5% वृद्धि की जावेगी।

3.42 वित्तीय निविदा में दो या अधिक फर्मो द्वारा प्रस्तुत किराये की दर समान पाई जाती है तो जिस फर्म का टर्न ओवर अधिक होगा। उस फर्म को निविदा में पात्र माना जावेगा।

## भाग – 4
## केन्टीन एवं दुकान का विवरण

**<u>दुकान क्रमांक-1</u> :- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में सत्य भवन के पास दुकान क्रमांक-1 को किराये पर अधिकृत संचालक को किराये पर दिया जाना है। इस दुकान का क्षेत्रफल 109 वर्ग फीट है। इस दुकान में फोटोकापी, बाईंडिग कार्य, स्टेशनरी सामग्री विक्रय कार्य किये जा सकेगें।**

**<u>दुकान क्रमांक-2</u> :- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में सत्य भवन के पास दुकान क्रमांक-2 को किराये पर अधिकृत संचालक को किराये पर दिया जाना है। इस दुकान का क्षेत्रफल 109 वर्ग फीट है। इस दुकान में फोटोकापी, बाईंडिग कार्य, स्टेशनरी सामग्री विक्रय कार्य किये जा सकेगें।**

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यादेश की प्रति | |
| | | वित्तीय वर्ष (2019-20) के कार्यादेश की प्रति | |
| 04 | फर्म के पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षों (2018-19, 2019-20, 2020-21) के इनकम टेक्स रिटर्न (ITR) की छाया प्रति संलग्न करें। | असेसमेन्ट वर्ष (2018-19) के आयकर रिटर्न की प्रति | |
| | | असेसमेन्ट वर्ष (2019-20) के आयकर रिटर्न की प्रति | |
| | | असेसमेन्ट वर्ष (2020-21) के आयकर रिटर्न की प्रति | |
| 05 | विगत तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2018-19, 2019-20) में फर्म का न्यूनतम रूपये 2,00,000-00 (रू. दो लाख मात्र) प्रतिवर्ष का टर्नओवर होना अनिवार्य हैं। **<u>फर्म के टर्नओवर की चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट से सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।</u>** | वित्तीय वर्ष (2017-18) में टर्नओवर की राशि रूपये:-------------- | |
| | | वित्तीय वर्ष (2018-19) में टर्नओवर की राशि रूपये:-------------- | |
| | | वित्तीय वर्ष (2019-20) में टर्नओवर की राशि रूपये:-------------- | |
| 06 | जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 07 | PAN CARD (आयकर) की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 08 | संस्था/फर्म/कम्पनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | पंजीयन नम्बर:————————<br>वैधता दिनांक:———————— | |
| 09 | निविदा प्रपत्र ए-1 | | |

